तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 28 जून 2026

13 मुड़पार में 9 दिवसीय भागवत कथा का समापन



14 ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में विधायक ...








## खबर संक्षेप

### लवन नगर पंचायत के एल्डरमैन बने चूड़ामणि



**लवन।** भाजपा द्वारा नगरीय निकायों के लिए जारी एल्डरमैन नियुक्ति सूची में नगर पंचायत लवन के भाजपा नेता चूड़ामणि सिंघम को एल्डरमैन नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया। चूड़ामणि सिंघम लवन क्षेत्र में सक्रिय, सरल स्वभाव, स्वच्छ छवि और जुझारू भाजपा कार्यकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। उनकी नियुक्ति पर मीना बार्वे, गोपाल साहू, संजय साहू, विकास साहू, योगेश सिंघम सहित अनेक लोगों ने फोन, व्हाट्सएप एवं व्यक्तिगत रूप से उन्हें बधाई दी।

### पलारी नगर पंचायत में तीन एल्डरमैन नियुक्त





**पलारी।** नगर पंचायत पलारी के लिए नेतरंजन निर्मलकर, नूतन सेन एवं मंजू यादव को एल्डरमैन नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद नगरवासियों ने उम्मीद जताई है कि इससे नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। नेतरंजन निर्मलकर भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक एवं पूर्व पार्षद रह चुके हैं, जबकि नूतन सेन पूर्व पार्षद और सांसद प्रतिनिधि के रूप में सक्रिय रहे हैं। मंजू यादव भाजपा महिला मोर्चा की सक्रिय पदाधिकारी हैं। तीनों नव-नियुक्त एल्डरमैन ने जनअपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव सहित वरिष्ठ भाजपा नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



### हेयर कट देखकर हंसने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम फुलवारी में तालाब गहरीकरण कार्य के दौरान हेयर कट को देखकर हंसने पर मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम फुलवारी के पंकज लोधी ने बताया कि 26 जून को गांव के फूलवारी काठा तालाब में वीबी-जी-राम जी (मनरेगा) के काम में तालाब गहरीकरण कार्य पर सुबह 6 बजे गांव के दिनेश लोधी, बरसाती विश्वकर्मा, पिंटू लोधी, चंदन साहू, रमेश यादव एवं गांव के अन्य 150 लोग भी जा रहे थे। काम करने के बाद उपस्थिति के लिये फोटो खिंचवाने के दौरान वे सभी काठा तालाब के पार में बैठे थे, जहां रमेश यादव भी बैठा था। सुबह करीबन 07.30 बजे रमेश यादव के हेयर कट को देखकर उसे हंसी आ गई। इसी बात पर रमेश यादव ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए टंगिया के बेट से सिर में मार दिया। जिससे सिर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# बारिश की बेरूखी से बढ़ी किसानों की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जून का अंतिम सप्ताह चल रहा है, लेकिन जिले में अब तक अच्छी बारिश नहीं होने से किसाने की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। टोनाटार के किसान शैलेंद्र जायसवाल गेंदराम वर्मा चिंतामणि जायसवाल राजेंद्र रजक ने बताया कि हर साल मौसम को देखते हुए जनू में ही खेतों में धान की बुवाई कर दी जाती है। इस बार भी उन्होने धान की सूखी बोनी कर दी है, लेकिन बारिश नहीं होने से बीज मिट्टी में ही पड़े है। उन्होंने बताया कि यदि कुछ दिनों में अच्छी बारिश हो जाती है तो बीज अंकुरित हो जाएंगे, लेकिन बारिश नहीं हुई तो पूरी बीज खराब हो सकती है।

## धान की फसल पर मंडरा रहा संकट

### कम अवधि वाली धान किस्में अपनाने की सलाह

इस संबंध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लोकनाथ दीवान ने बताया कि इस वर्ष बारिश कम होने के आसार दिख रहा हैं। ऐसे समय में किसानों को कम उम्र के बीच जैसे महामाया, विक्रम, टीसीआर, किस्म की धान बीज लगाना चाहिए। जिससे कम बारिश में भी किसानों को अच्छी उत्पादन मिल सकता है।

### अच्छी बारिश के इंतजार में किसान

वहीं गांवों में सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने से स्थिति गंभीर हो गई है। किसानों का कहना है कि भीषण गर्मी और वर्षा नहीं होने के कारण बोए गए धान खराब होने की संभावना बनी हुई है। कृषको की माने तो यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की रोपाई का कार्य निर्धारित समय से पीछे हो जाएगा। इसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित हो सकती है। अंचल में नहर युक्त सुविधा वाले गांव को छोड़कर खरीफ की खेती मुख्य रूप से मानसून पर निर्भर है। किसान अच्छी बारिश होने के इंतजार में खरीफ फसल की बोवाई कर चूके है, लेकिन अभी भी अच्छी मानसून का इंतजार है।



## प्रशिक्षण से लौट रही पशु सखी हादसे का हुई शिकार, पुलिस जांच में जुटी

# पेड़ कटाई के दौरान बिजली का खंभा गिरा, महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लटुवा

बलौदाबाजार जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत भैंसा पसरा में शुक्रवार को बिजली का खंभा गिरने से ग्राम लटुवा निवासी महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतका पूर्णिमा वर्मा 34 वर्ष पति ललित वर्मा निवासी ग्राम लटुवा 15 दिवसीय पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी अन्य प्रशिक्षु साथियों के साथ लौट रही थीं। इसी दौरान भैंसा, पसरा, बलौदा बाजार में पेड़ कटाई का कार्य चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, काटा जा रहा पेड़ बिजली के तारों पर गिर गया, जिससे बिजली का खंभा असंतुलित होकर पूर्णिमा वर्मा के ऊपर आ गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।





### पुलिस कर रही जांच

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रधान आरक्षक रामकृष्ण पटेल ने बताया कि घटना स्थल के पास पेड़ कटाई का कार्य चल रहा था। प्रारंभिक जांच में इसी दौरान बिजली का खंभा गिरने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### दो मासूम बच्चों से उठा मां का साया

मृतका अपने पीछे पति 12 वर्षीय पुत्री मोनिका वर्मा और 10 वर्षीय पुत्र चंदन वर्मा को छोड़ गई हैं। उनके पति ललित वर्मा एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ललित वर्मा ने आरोप लगाया कि हादसे के कई घंटे बाद तक किसी जिम्मेदार विभागीय अधिकारी या कर्मचारी ने परिवार की सुध नहीं ली। उन्होंने घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि लापरवाही ने उनका हंसता-खेलता परिवार उजाड़ दिया।

## कार्रवाई के अभाव में खुलेआम बिक रही चमारी में शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



पुलिस और आबकारी विभाग ऐसा विभाग है जिस पर अवैध शराब और मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर रोक लगाने और नकेल कसने की अहम जिम्मेदारी हैं, फिर भी गांवों में शराब बिक्री का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। कई गांवों में कोचियों द्वारा बेखौफ होकर अब शराब बिक्री की जा रही है। गांव में 24 घंटा शराब मिलने पर युवाओं पर इसका बुरा असर पड़ रहा है।

पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा द्वारा अवैध शराब बिक्री रोकने और कार्यवाही करने चौकी व थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए हुए हैं। उसके बावजूद चमारी गांव में खुलेआम शराब मिलना पुलिस अधीक्षक की आदेश की अवहेलना है।

नशे से युवाओं का बुरा हाल है। ऐसे ही एक मामला भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गोगिया के आश्रित गांव चमारी का है, जहां मटिया रोड में किराना दुकान की आड़ में एक व्यक्ति द्वारा खुलेआम अवैध शराब लंबे समय से बेची जा रही है। इनके अलावा गांव में और भी कई शराब कोचिया है जो पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग को ठेंगा दिखाते हुए अशांति फैलाने की नियत से दबंगई पूर्वक शराब बेची जा रही है।

इस संबंध में भाटापारा ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल से जानकारी लेने के लिए प्रयास किया गया किंतु उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## सफलता प्राप्त करने का श्रेष्ठ माध्यम है कठिन परिश्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकंडरी स्कूल में शाला नायक-नायिका एवं चारों हाउसों के छात्र पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं वर्तमान में महासमुंद जिले में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उनके विद्यालय आगमन पर प्रबंधन एवं विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।

■ छात्रों के शपथ ग्रहण समारोह में डिप्टी कलेक्टर सृष्टि चंद्राकर ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। इसके पश्चात नव-निर्वाचित शाला नायक ओमनमन चौहान, शाला नायिका रीतिका नागदेव सहित रेड, ग्रीन, ब्लू एवं ऑरेंज हाउस के कप्तानों और उपकप्तानों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। पूर्व छात्र प्रतिनिधियों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को औपचारिक रूप से कार्यभार सौंपते हुए उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्राचार्या सिस्टर ने कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, टीम भावना, नैतिक मूल्यों एवं सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए विद्यालय, समाज और राष्ट्र का गौरव बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया तथा उनके प्रेरणादायी मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### विद्यार्थियों को किया प्रेरित

मुख्य अतिथि सृष्टि चंद्राकर ने विद्यालय के दिनों की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि उन्होंने नर्सरी से आठवीं कक्षा तक की शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की है। छात्र जीवन में वे मेधावी छात्रा, हाउस इंचार्ज और विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय प्रतिभागी रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि अनुशासन, कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर सीखने की भावना ही व्यक्ति को अपने लक्ष्य तक पहुंचाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने की प्रेरणा दी।

### पुलिस अधिकारी से पांच लाख रुपए की ठगी

**रायपुर।** विशेष शाखा में एक डीएसपी ने अपने एक परिचित के खिलाफ रकम दोगुना करने का झांसा देकर पांच लाख रुपए ठगी करने की शुक्रवार को सिविल लाइंस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने एक दिन में रकम दोगुना कर देने का झांसा देकर अफसर से गुरुवार को रकम हासिल की थी। दूसरे दिन रकम नहीं मिलने पर अफसर को अपने साथ ठगी होने की जानकारी मिली। पूर्णदास अंचल ने नरेश दमोहे के खिलाफ ठगी करने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि नरेश के साथ उसकी पहले से पहचान थी। दोनों के बीच पूर्व में लेन-देन हो चुका है। इस बात का फायदा उठाते हुए नरेश ने पुलिस अफसर को अन्य जगहों में रकम निवेश कर रकम दोगुना करने का झांसा दिया।

## बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएं पालकगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय साई सेवा समिति ने नगर एवं क्षेत्रवासियों से पल्स पोलियो अभियान, कुपोषण उन्मूलन, कुष्ठ रोग मुक्त अभियान तथा एचपीवी टीकाकरण जैसी स्वास्थ्य योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। समिति ने कहा कि स्वस्थ बचपन ही स्वस्थ समाज और राष्ट्र की नींव है, इसलिए कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि 28 से 30 जून तक चलने वाले पल्स पोलियो अभियान के तहत पहले दिन नगर के बस स्टैंड चौक, साईं मंदिर चौक, रंगमंदिर चौक, ब्राह्मणपारा, हाथीठान चौक सहित विभिन्न निर्धारित केंद्रों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद अगले दो दिनों तक स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएगी।



समिति ने बताया कि जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक विशेष कुष्ठ रोग मुक्त अभियान भी संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत रोगियों की पहचान कर समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से कुपोषण से सुपोषण अभियान भी चलाया जा रहा है। इसमें मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से कुपोषित बच्चों एवं महिलाओं को चिन्हित कर उपचार और सुपोषण केंद्रों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। समिति ने बताया कि वह पूर्व में भी कोरोना जागरूकता, ऑक्सीजन सिलेंडर वितरण, निःशुल्क भोजन, रक्तदान, फाइलेरिया एवं कुष्ठ रोग जागरूकता जैसे जनहित अभियान संचालित कर चुकी है। समिति के पदाधिकारियों ने नगरवासियों से सभी स्वास्थ्य अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाकर स्वस्थ एवं कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की।

## साइबर सुरक्षा व यातायात नियमों पर भी हुआ मंथन

# नए कानूनों की सही जानकारी न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस-2026 के तहत शनिवार को पुलिस कम्युनिटी हॉल, पुलिस लाइन बलौदाबाजार में जिला स्तरीय न्याय संहिता कैंपेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों एवं पुलिस अधिकारियों को देश में लागू नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरूक करना रहा।

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा ने कहा कि नवीन कानूनों की सही जानकारी न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों एवं आमजन

▶▶ शेष पेज 13 पर






### साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए

कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव पर भी विशेष सत्र आयोजित किए गए। उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय साहू ने यातायात नियमों के पालन और दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपाय बताए, जबकि साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रणाली वैद्य ने ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके और साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

### कानून के प्रमुख प्रावधानों की दी जानकारी

कार्यक्रम में वरिष्ठ विधिक विशेषज्ञ एम.के. देशपांडे, डीडीपी गजेंद्र साहू तथा विशेष अपर लोक अभियोजक अमिय अग्रवाल ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नए कानून न्याय केंद्रित व्यवस्था, डिजिटल साक्ष्यों की मान्यता, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर कठोर प्रावधान, जीरो एफआईआर की सुविधा तथा समयबद्ध जांच एवं न्यायिक प्रक्रिया जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर आधारित हैं।


CPU COLUMBIA PROFESSIONAL UNIVERSITY
विद्या आरभ्यते प्रगतिः
All Progress Begins with Learning
COLUMBIA PROFESSIONAL UNIVERSITY
www.cpu.ac.in
The Blueprint for Future's Engineering
FIRST TIME IN C.G.
SEMICONDUCTOR & VLSI DESIGN
CYBER SECURITY
AI & ML
FORENSIC SCIENCE
Empower Your Career with Future-Ready B.Tech Programs
B.Tech Lateral / Diploma
3 Years
EEE I CSE I AI I DS I MECHANICAL I CIVIL
B.Tech
4 Years
• CSE • Data Science & ML • AI & ML • CSE (Cyber Security) • EEE • Civil • Mechanical • Electrical Engineering • Electronics & Communication Engineering • Semi Conductor & VLSI Design • Mechanical (Robotics and Automation) • Electrical Engineering with Electric Vehicle • Digital Marketing and E-Commerce
M.Tech
2 Years
• Thermal • Thermal Power • Computer Technology • CSE (AI & ML) • CSE (Data Science & ML) • CSE (Cyber Security) • Civil Engineering (Structural Engineering) • Electrical & Electronics Engineering (Power Electronics & Drives) • Electronics Engineering (VLSI & Embedded Systems • Civil Engineering (Infrastructure Management Engineering)
Modern infrastructure with 30 acres of lush green campus
Three Times NBA Accredited
Focus on Holistic Development of Students
DST-FIST New Delhi Supported Pharmacy Labs
Spacious and well-lit Smart Classrooms
Research & Excellence
DTE Admission QR
Microsoft Certification Center
Exclusive MICROSOFT Certification Centre at Raipur
ADMISSIONS OPEN For 2026-27
Upto 100% SCHOLARSHIPS Apply Now
Admissions Through PET / CPUET EXAM
Date of Exam - 30.6.2026
Industry Tie Ups
wipro
HCL
HUAWEI
Relcom Group
PIE INFOCOMM
100% PLACEMENT ASSISTANCE
10.5 LPA PACKAGE
FACULTIES UNDER CPU
ARTS & HUMANITIES
COMMERCE
COMPUTER APPLICATIONS & IT
ENGINEERING & TECHNOLOGY
LAW
LIBRARY & INFORMATION SCIENCES
MANAGEMENT
PHARMACY
SCIENCE
EDUCATION
CONNECT WITH US
Near Old Vidhan Sabha, Tekari, Raipur (C.G.)
7400 777 888
Sunday Open

## खबर संक्षेप

### चोरी का सामान खरीदने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला पुलिस ने चोरी तथा चोरी के सामान खरीदने के आरोप में तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ई-रिक्शा की 10 हजार रुपए कीमत की दो बैटरियां जब्त की हैं। राजू सोनी की शिकायत पर पुलिस ने राय सिंह उर्फ प्रकाश, दीपक उर्फ दीपू दास तथा किशुन उर्फ किशन को गिरफ्तार किया है। राजू ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि बुधवार को वह अपनी ई-रिक्शा भनपुरी, टिंबर मार्केट के पास रात में पार्क किया था। दूसरे दिन ई-रिक्शा में लगी दोनों बैटरी चोरी हो गई थी।

### आपसी रंजिश पर चाकू से हमला, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आपसी रंजिश के कारण युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोप में डीडीनगर पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। भावेश जगत की शिकायत पर पुलिस ने सावन उर्फ मुन्ना यादव तथा राज उर्फ अमन यादव को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि बुधवार को वह अपने छोटे भाई के साथ दोपहिया में पेट्रोल डलवाने गया था। उसका छोटा भाई पेट्रोल पंप में दोपहिया में पेट्रोल भरवा रहा था और वो पंप के बाहर खड़ा था। इस दौरान सावन और उसका साथी मौके पर पहुंचे और आपसी रंजिश के चलते युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर मौके से फरार हो गए।

### मोपेड से 102 पौवा शराब जब्त


**रायपुर।** खमतराई थाने की पुलिस ने मोपेड से 102 पौवा गोल्डन गोवा शराब परिवहन कर ले जाते गिरफ्तार किया है। शराब तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने जितेंद्र निषाद को गिरफ्तार किया है। युवक को पुलिस ने ग्रेट इंडिया रोडवेज के सामने मेटल पार्क रावांभाठा के पास टीवीएस जूपिटर वाहन में शराब परिवहन कर ले जाते पकड़ा है।

### इमाम हुसैन की याद में आमजनों को पिलाया शर्बत

**रायपुर।** माहे मोहर्रम के दौरान इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शाहदत के अवसर पर दावते इस्लामी के डिपार्टमेंट 'जीएनआरएफ' द्वारा शहर के अलग-अलग हिस्सों में आमजनों, यात्रियों और राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाया गया। साथ ही गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के खिदमतगार शहजाद अत्तारी ने बताया कि पूरे भारत में ठंडा पानी आम जनता को रोजाना पिलाया जा रहा है, मोहर्रम के अवसर पर आज शास्त्री बाजार में भी हज़रत मुबारकपुर अशर्फियां के मुक्ती बदरे आलम साहब ने तशरीफ लाकर आमजनों को शर्बत पिलाया।

## निधन

### खोरबाहरा राम यदु



**खरोरा।** ग्राम कठिया निवासी खोरबाहरा राम यदु 80 वर्ष का निधन हो गया। 27 जून को गृह ग्राम कुम्हारी टैंक में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर सभी स्वजन, इष्ट-मित्रों एवं ग्रामवासियों ने दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार को अपनी संवेदनाएं एवं संबल प्रदान किया। इसमें भगवती यदु पुत्र, दिनेश यदु, खुमान यदु, खिलेश्वर यदु, मुरली यदु, देवशंकर यदु पौत्र उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### नये कानूनों की...

से अभियान का अधिकतम लाभ उठाने और कानूनी प्रावधानों को व्यवहार में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन उप पुलिस अधीक्षक कौशल किशोर वासनिक ने किया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर, एसडीओपी तारेश साहू, उप पुलिस अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव, जिले के थाना एवं चौकी प्रभारी, प्रोबेशनर सब-इंस्पेक्टर तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नए कानूनों की जानकारी के साथ नागरिकों को कानून के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार बनने का संदेश दिया गया।

# फिजियोथैरेपी कालेजों में फैकल्टी की भर्ती, अंतरिम सूची में एकमात्र प्राध्यापक, जरूरत 9 की

## सह प्राध्यापक भी केवल एक, आवश्यकता है 18 लोगों की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में खुलने वाले नए शासकीय फिजियोथैरेपी कालेज में फैकल्टी की भर्ती के लिए अंतरिम मेरिट सूची जारी की गई है। इसमें प्राध्यापक और सह प्राध्यापक के 1-1 नाम शामिल हैं, जबकि आवश्यकता 9 और 18 की है। प्रदर्शक पद के लिए ही प्रावीण्य सूची में पर्याप्त नाम शामिल है। इसके 144 के लिए 306 अभ्यर्थी योग्य हैं, वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर के 27 पदों के लिए 85 को योग्य पाया गया है। राज्य में 9 शासकीय फिजियोथैरेपी कालेज को शुरू करने के लिए मानव संसाधन की व्यवस्था संविदा आधार पर की जा रही है। दो साल की संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन मंगाए जा रहे हैं, जिसकी अंतिम तारीख 29 जून रखी गई है। इस बीच चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों की अंतरिम सूची जारी की गई है। सूची में सर्वाधिक नाम ट्यूटर पदों के लिए है, इनमें 9 कालेजों में 144 ट्यूटरों की नियुक्ति की जाएगी। इसी तरह सहायक प्राध्यापक के 27 पदों के लिए 85 अभ्यर्थी आवेदन करने योग्य पाए गए हैं। चिंता का विषय प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के पद हो सकते हैं। नए कालेजों में एक-एक के हिसाब से नौ प्राध्यापकों की भर्ती की जानी है, वहीं दो-दो के हिसाब से कालेजों में 18 एसोसिएट प्रोफेसर की जरूरत है। जारी अंतरिम प्रावीण्य सूची में दोनों पदों के लिए 1-1 अभ्यर्थी के नाम शामिल हैं।

### जुलाई में पूरा करना है प्रवेश

फिजियोथैरेपी कालेज में प्रवेश की प्रक्रिया जुलाई अंतिम तक पूरी की जानी है। शिक्षकों की भर्ती पूरी होने के बाद इन कालेजों की मान्यता दिलाकर यहां बीपीटी पाठ्यक्रम में भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। वर्तमान में राज्य में एकमात्र शासकीय फिजियोथैरेपी कालेज हैं बीपीटी की करीब सौ सीट हैं। नये कालेजों खुलने के बाद इनकी संख्या में भी इजाफा हो जाएगा। माना जा रहा है कि बदलते समय के साथ फिजियोथैरेपिस्ट की आवश्यकता शासकीय के साथ निजी सेक्टरों को भी इनकी डिमांड काफी है।



### इन स्थानों पर खुलना है कालेज

शासकीय फिजियोथैरेपी के नौ नए कालेज नवा रायपुर के अलावा बलरामपुर, बैकुंठपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, जांजगीर चांपा, जशपुर, कुरूद-धमतरी, एवं पुसौर-रायगढ़ में खोला जाना है। इस कालेज को मिलाकर रायपुर में दो शासकीय कालेज हो जाएंगे। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों में इश शिक्षण संस्थान की मौजूदगी से वहां के लोग भी फिजियोथैरेपी की पढ़ाई में पारंगत होंगे जिससे रोजगार के अवसर खुलेंगे। माना जा रहा है कि हास्पिटलों के अलावा अब प्रायवेट सेक्टर में भी इनकी आवश्यकता महसूस हो सकती है।

### रात के समय टाइगर रिजर्व में भारी वाहनों में आवाजाही से रोक लगाने पर वन्यजीवों की हलचल बढ़ी

# सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले से यूएसटीआर की फिजा बदली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सात माह पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण सुनवाई के दौरान टाइगर रिजर्व में शाम ढलने के बाद भारी वाहन की आवाजाही पर रोक लगाने के आदेश दिया, जिसका सबसे ज्यादा सकारात्मक परिणाम उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में देखने को मिला है। टाइगर रिजर्व के जिस हाईवे पर देर रात भारी वाहन के शोर सुनाई देते थे, उस मार्ग पर अब बाघ की दहाड़ सुनाई देने के साथ अन्य प्रजाति के वन्यजीवों की गुर्राने की आवाज सुनाई देती है। इसके साथ ही रात में उड़ने वाली पक्षियों की चहचहाट सुनाई देती है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व की फिजा पूरी तरह से बदल गई है।

- दिन ढलने के बाद जंगल में होता है सवेरा

सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पूर्व टाइगर रिजर्व के दोनों कोर क्षेत्रों से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-130सी और एनएच-130सीसी, रातभर वाहनों की आवाजाही से गुलजार रहते थे। तेज रोशनी, इंजन का शोर और लगातार मानवीय गतिविधियां वन्यजीवों के लिए एक अदृश्य दीवार बन गई थीं। यूएसटीआर के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के अनुसार नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने टीएन गोदावर्मन मामले में देशभर के टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्रों में रात के समय यातायात पर रोक लगाने का आदेश दिया। इसके बाद एनटीसीए ने दिसंबर 2025 में राज्यों को इसे लागू करने के निर्देश दिए।

### जंगल पुनः खिल उठा

विभागीय अफसरों के अनुसार, सबसे पहले बदलाव उन जीवों में दिखाई दिया, जो शायद ही कभी सुर्खियों में आते हैं। भारतीय विशाल उड़न गिलहरी (पेटॉरिस्टा फिलिपेन्सिस) और मालाबार विशाल गिलहरी राटूफा इंडिका लगभग पूरा जीवन पेड़ों की छत्रछाया में बिताती हैं। उड़न गिलहरी शायद ही कभी जमीन पर उतरती है। यदि जंगल के बीच सड़क बन जाए या लगातार मानवीय हस्तक्षेप रहे, तो उनके लिए वह सड़क केवल डामर की पट्टी नहीं, बल्कि एक पारिस्थितिक अवरोध बन जाती है। अफसरों के अनुसार अब इन प्रजातियों की उपस्थिति केवल उदंती और सीतानदी कोर तक सीमित नहीं है। इनके रिकॉर्ड रिसगांव, इंदागांव, अर्सीकान्हार और कुल्हाड़ीघाट जैसे क्षेत्रों में भी मिलने लगे हैं।



### जंगल की सेहत सुधरने लगी

यूएसटीआर में हाल के महीनों में मालाबार पाइड हॉर्नबिल पक्षियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। हॉर्नबिल केवल एक आकर्षक पक्षी नहीं है। इसे उष्णकटिबंधीय जंगलों का सबसे महत्वपूर्ण बीज-वितरक माना जाता है। यह फल खाकर कई किलोमीटर दूर तक बीज फैलाता है, जिससे जंगलों का प्राकृतिक पुनर्जनन होता है और वनस्पतियों की आनुवंशिक विविधता बनी रहती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि हॉर्नबिल और विशाल गिलहरियों जैसे जीवों की बढ़ती मौजूदगी इस बात का संकेत हो सकती है कि जंगल की संरचना और पारिस्थितिक प्रक्रियाएं धीरे-धीरे बेहतर हो रही हैं।

### बाघों की आवाजाही का सुरक्षित कॉरिडोर बना

यूएसटीआर टाइगर रिजर्व होने तक सीमित नहीं है। यह इंद्रावती टाइगर रिजर्व, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली के जंगलों और ओडिशा के सुनाबेड़ा वन्यजीव अभयारण्य के बीच एक महत्वपूर्ण कॉरिडोर है। बाघों के लिए ऐसे गलियारे अत्यंत आवश्यक हैं। इन्हीं के माध्यम से युवा बाघ नए क्षेत्रों में पहुंचते हैं। जनवरी 2026 में सीतानदी कोर क्षेत्र में बाघ की आवाजाही दर्ज की गई। प्रारंभिक अवलोकनों से यह भी संकेत मिले हैं कि जिन इलाकों में लगभग पंद्रह वर्षों से बाघों की उपस्थिति दर्ज नहीं हुई थी, वहां फिर से उनकी गतिविधियां दिखाई दे रही हैं।

# मुड़पार में 9 दिवसीय भागवत कथा का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार स्थित मां शक्तिपीठ गायत्री मंदिर प्रांगण में स्व. हनुमत वर्मा एवं स्व. कमलाबाई वर्मा की पुण्य स्मृति में धीकुड़िया परिवार के संयुक्त तत्वावधान में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन 18 से 26 जून तक किया गया। नौ दिवसीय कथा के दौरान राष्ट्रीय स्तर के कथा वाचक अजीत कुमार पांडे ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं एवं प्रसंगों का संगीतमय और भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा के मधुर प्रस्तुतीकरण ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। पूरे आयोजन के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो ग्राम मुड़पार ही गोकुल और मथुरा बन गया हो। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं आसपास के क्षेत्र के लोग कथा श्रवण के लिए कथा स्थल पहुंचे। समापन अवसर पर श्रद्धालुओं के बीच श्रीमद्भगवद्गीता एवं तुलसी पौधों का वितरण भी वर्मा परिवार द्वारा श्रद्धापूर्वक किया गया।

इस धार्मिक आयोजन की पूरे अंचल में व्यापक चर्चा रही। श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की तथा आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भूपत वर्मा, पुनेश्वर वर्मा, तुकाराम वर्मा, धनेश्वर प्रसाद वर्मा सहित समस्त वर्मा परिवार का विशेष योगदान रहा। अंत में श्रद्धालुओं ने /"राधे-राधे/", /"बांके बिहारी की जय/", /"जय श्रीकृष्ण मुरली वाले/" और /"राधा रानी की जय/" के जयघोष के साथ कथा का समापन किया।

# विद्युत कटौती बंद नहीं हुई तो कांग्रेस करेगी बिजली दफ्तर का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को ना तो पूरी बिजली मिल रही है और ना किसानों को अपनी फसल के लिए बोर पंप के लिए पर्याप्त बिजली मिल रही है। वहीं राज्य की भाजपा सरकार बिजली दरों में लगातार वृद्धि कर आम लोगों को दोहरी मार मारने में आमदा है, अगर 3 चार दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं आया तो कांग्रेस विद्युत दफ्तर का घेराव करेंगी। उक्त बातें कांग्रेस विधायक इन्द्र साव ने प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान कही।

विधायक इन्द्र साव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने आम जनता, किसानों और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता पहले ही महंगाई से परेशान है, ऐसे में बिजली दरों में वृद्धि कर सरकार ने लोगों को 440 वोल्ट का झटका दिया है। उन्होंने आरोप लागाया कि भाजपा सरकार के शासनकाल में बिजली आपूर्ति की स्थिति कमजोर हुई है, जबकि उपभोक्ताओं के बिल लगातार बढ़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी बढ़ी हुई बिजली दरों का पुरजोर विरोध करती है और जनता की आवाज बनकर संघर्ष जारी रखेगी। विधायक साव ने कहा कि बिजली दर वृद्धि से आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ किसानों और छोटे व्यवसायियों की आर्थिक परेशानियां बढ़ेंगी, राज्य सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल रही है।



- विधायक इंद्र साव ने प्रदेश सरकार पर बढ़ी बिजली दरों पर साधा निशाना

विधायक साव ने चर्चा में बताया कि प्रदेश में विद्युत की बढ़ी दरों को वापस नहीं लिया जाता है और व्यापारियों, किसानों को नियमित बिजली सप्लाई नहीं की जाती है और विद्युत व्यवस्था में आगामी 3 चार दिनों में सुधार नहीं लाया जाता है तो यहां के कांग्रेस कार्यकर्ता आम जनता किसानों के हितों के लिए विद्युत दफ्तर का घेराव करेंगे।



### परस बने एल्डरमैन समर्थकों में हर्ष

**सिमगा।** नगर पालिका परिषद सिमगा में परस पाटकर के एल्डरमैन नियुक्त होने पर सोमनाथ सांस्कृतिक तीर्थ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर पद्मश्री उषा बारले, संस्कृति विभाग के संचालक संजय कनौजे, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष मोना सेन तथा युगल किशोर तिवारी ने आत्मीय भेंट कर आभार जताया। इस दौरान बलौदाबाजार जिले के कई श्रद्धालुओं ने भी उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# अकीदत के माहौल में मनाया गया मोहर्रम, जगह- जगह बंटा लंगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

हज़रत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की अज़ीम शहादत की याद में मुस्लिम समाज ने शुक्रवार को मोहर्रम के दसवें दिन योमे आसुरा की नमाज एवं जुमा की नमाज अदा कर अपनी अकीदत पेश की। मोहर्रम की दसवीं तारीख के समापन अवसर पर शहर में सुबह से देर रात तक मोहर्रम मय एवं अकीदत मय माहोल बना रहा। इस अवसर पर शहर में कौमी एकता का नजारा बना हुआ था। दूसरे धर्मों के लोग भी अपनी अकीदत पेश करते हुए शहर में कौमी एकता की मिसाल पेश कर रहे थे। नगर की परम्परा अनुसार आकर्षक ताजिये में नारों की गूंज के साथ इमामबाड़ा से निकलकर सदर बाजार तिल्दा रोड होते हुए शहर भ्रमण करते हुए शिवनाथ नदी तक पहुंचे। इस दौरान अकीदतमंदों की ओर से विभिन्न स्थानों पर शर्बत, लंगरों का इन्तेजाम किया गया। कई स्थानों पर लंगर बांटे जा रहे थे, लोगों ने घरों में फातिहा खानी और रोजे रखकर अपनी श्रद्धा पेश की, फिर कब्रिस्तान जाकर फातिहा पढ़ें एवं खिराजे अकीदत पेश की। इस अवसर पर मुस्लिम समुदायों बड़ी तादाद में उपस्थित रहें। मोहर्रम के जुलूस को लेकर पुलिस प्रशासन ने सभी चौक चौराहों में पुलिस बल तैनात कर रखे थे, जो मुख्य मार्ग एवं शिवनाथ नदी तक लगातार गश्त करते रहे।



# राजमहंत सीआर टंडन अखिल भारतीय सतनामी महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

अखिल भारतीय सतनामी महासभा का गठन जगत गुरू अगमदास गुरूजी, जो जगत गुरू विजयकुमार के पिता थे एवं संविधान निर्माण समिति के सदस्य भी थे के द्वारा वर्ष 1924-25 में गठन किया गया था। उनके मृत्यु के उपरांत इस समिति का कार्य शिथिल हो गया था। जिसका पुर्नगठन 20 जून को बाराद्वार सक्ती के महासम्मेलन में किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि जगत गुरू गद्दीनसीन रूद्रकुमार थे। उनके ही मार्गदर्शन में अखिल भारतीय सतनामी महासभा का पुनरगठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मिति से वरिष्ठ राजमहंत दशेराम खांडे को राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरिष्ठ राजमहंत राजेश्वर भार्गव को सलाहकार एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, वरिष्ठ राजमहंत सुंदरसाय बंजारे को, राजमहंत सी.आर. टंडन, राजमहंत पीएल कोसरीया महासचिव, जेपी कोसले सचिव, राजमहंत लालचंद मोहिले एवं छबिलाल रात्रे को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, राजमहंत पीके घृतलहरे को मीडिया प्रभारी बनाया गया है एवं समस्त राजमहंत राष्ट्रीय कार्यकरणी के सदस्य होंगे।



# लघुशंका करने रुके युवक के साथ लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पेशे से पेंटर ने टेमरी के कच्चे रास्ते में दो एक्टिवा सवार लड़कों के खिलाफ कान से सोने की बाली, मोबाइल तथा बाइक लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना 21 जून को तड़के चार बजे की है। जिस युवक के साथ लूट हुई है, वह लघुशंका करने के लिए रुका था। इस दौरान बदमाशों ने उसके साथ लूट की। घटना के पांच दिन बाद युवक शिकायत दर्ज कराने थाना पहुंचा।

टेमरी निवासी पिलेश्वर साहू ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक के एक दिन पूर्व वो रायपुर में पेंटिंग करने के लिए आया था। रात को अपने घर लौट रहा था। इस दौरान टेमरी में यादव होटल के पास कच्चे रास्ते में वो अपनी बाइक रोक कर लघुशंका करने लगा। इस दौरान एक्टिवा सवार दो लड़के उसके करीब पहुंचे और उसके कान से सात हजार रुपए कीमत की सोने की बाली, जेब से मोबाइल के साथ दोपहिया लूट कर मौके से फरार हो गए।

# पोलियो से बचाने 3.45 लाख से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का अभियान आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पोलियो मुक्त भारत बनाए रखने के लिए दवा पिलाने चलाए जाने वाले अभियान के दौरान रविवार 28 जून को जिले के 3.45 लाख से अधिक बच्चों को दवा पिलाई जाएगी। इसके अलावा बनाए गए सेंटरों तक नहीं पहुंचने वाले बच्चों को दवा देने 29-30 को स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर पहुंचेगी। इसके लिए जिले के समस्त ग्रामों एवं वार्डों में कुल 1381 पोलियो बूथ बनाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार भारत पोलियो मुक्त है, लेकिन पड़ोसी देशों में अभी भी इस वायरस से ग्रसित बच्चे पाए गए हैं। इससे देश में पोलियो संक्रमण का खतरा बना हुआ है। इससे बचाव के लिए 0 से 5 वर्ष के बच्चों को प्रतिरक्षित करने के लिए दवा पिलाने अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के समस्त ग्रामों एवं वार्डों में कुल 1381 पोलियो बूथ बनाए जाएंगे। प्रत्येक बूथ पर 4 टीकाकर्मी दो टीमों में बंटकर बच्चों को दवा पिलाएंगे। बूथों की मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक 5 बूथ पर एक सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई है। यदि कोई बच्चा 28 जून को बूथ पर दवा पीने से छूट जाता है तो 29 एवं 30 जून को घर-घर भ्रमण कर ऐसे बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। पूरे अभियान की निगरानी एवं मॉनिटरिंग जिला मुख्यालय के अधिकारी व कर्मचारी करेंगे। रायपुर जिले में 3,45,373 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। अभियान की सभी आवश्यक तैयारियां जैसे पोलियो मार्कर पेन, होर्डिंग, प्रशिक्षण, ओरल पोलियो वैक्सीन की उपलब्धता सभी ब्लाक एवं शहरी क्षेत्र में पूरी कर ली गई है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
मॉं और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कोसमंदा में कल मनाया जाएगा कबीर प्रगट उत्सव

**भाटापारा।** ग्राम कोसमंदा में 29 जून को कबीर जन्म उत्सव एवं साहू समाज के दसवीं, बारहवीं में 60 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले मेधावी छात्रों का सम्मान किया जाएगा, जिसमें समस्त ग्रामवासी एवं कबीर पंथी तथा साहू समाज जन कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। सुबह 7 बजे गुरु महिमा पाठ एवं पुन्नी महतम 8 बजे शोभायात्रा, दोपहर 12 बजे मेधावी छात्रों का सम्मान समारोह, दोपहर 2 बजे प्रसादी वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी पाहरिक साहू ग्रामीण अध्यक्ष कोसमंदा द्वारा दी गई है तथा आसपास के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### सघन कुष्ठ खोज अभियान में सहयोग करने की अपील

**बिलाईगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले के नागरिकों से वीडियो अपील जारी करते हुए कहा कि, हमारे जिले को कुष्ठ मुक्त जिला बनाने हम अग्रसर हैं। 15 जून से 15 जुलाई तक हमारे जिले सारंगढ़ बिलाईगढ़ में सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें घर-घर जाकर सभी ऐसे कुष्ठ रोगियों की हम पहचान कर रहे हैं, जिनको प्राथमिक रूप से इलाज की आवश्यकता है और उनको हम एमडीटी का उपचार दे सकते हैं।



इस अभियान में हमारे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर सभी से चर्चा, परिचर्चा और प्रारंभिक लक्षणों का जो चिन्हांकन है वो कर रहे हैं। मेरा आप सभी से अपील है कि इसमें हम सहयोग करें और इन मरीजों को हम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक लाने में सहयोग करें। जागरूकता ही इस बीमारी को हटाने में सहयोग करेगी। मेरा आप सबसे अपील है कि इस अभियान में आप ज्यादा से ज्यादा जुड़े और हमारे जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने में सहयोग करें।

**शाला प्रवेशोत्सव : तिलक, मिठाई और पाठ्यपुस्तकों के साथ बच्चों का आत्मीय स्वागत**

# ब्लॉक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में विधायक संदीप और कविता प्राण लहरे ने नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड कसडोल के ग्राम चिखली स्थित शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के इस विशेष अवसर पर स्कूल पहुंचने वाले नन्हें-मुन्नें बच्चों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर और निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें व गणवेश प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया गया। विकासखंड कसडोल को गौरवानवित करने वाले छात्रा स्मृति निषाद कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में छत्तीसगढ़ में सातवें स्थान व नितेश देवांगन नौवां स्थान को व अन्य बच्चे जो प्रवीण सूची में नाम दर्ज किये हैं को मेडल पहनाकर सम्मान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप साहू विधायक कसडोल व कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुसुम लता पैकरा अध्यक्ष जनपद पंचायत कसडोल द्वारा की गई। साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में देवानंद नायक उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कसडोल, नागेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल, गायत्री बरिहा जिला पंचायत सदस्य, सुंदर बाई बरिहा जनपद पंचायत सदस्य, जीवनधन बरिहा मंडल अध्यक्ष बया, जनक कुमारी कन्हैया पटेल सरपंच ग्राम पंचायत चिखली उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

विधायक संदीप साहू ने कहा कि शिक्षा ही समाज और देश के विकास की धुरी है। शासन द्वारा बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

समारोह में जनप्रतिनिधि जिसमें युधिष्ठिर नायक मंडल अध्यक्ष सोनाखान, सरपंच संघ अध्यक्ष कपिल देव नायक, विजय कश्यप, योगेश बंजारे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि, युवा नेता अवस्थी एवं ग्राम पंचायत चिखली के पूर्व सरपंच व वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि कन्हैया पटेल, समीप के ग्राम पंचायतो के सरपंच एवं पंचगण, गणमान्य नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण और स्कूली बच्चे साथ ही बीआरसी कार्यालय से सविता चंभारे, रामदयाल पटेल, गोरेलाल साहू एवं अगर सिंह पैकरा उपस्थित रहे।

### बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील

बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे ने पालकों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। साथ ही साथ लड़कियों को अपनी आत्मरक्षा के लिए कराते का प्रशिक्षण लेना चाहिए जो अपने लिये एक रक्षा कवच है। कार्यक्रम की अध्यक्षा कुसुम पैकरा सहित अन्य अतिथियों ने भी बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। देवानंद नायक ने कहा कि यह प्रवेशोत्सव एक प्रकार से उत्सव के साथ स्कूल प्रवेश करना है जहां शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ एवं अपने आप को गढ़ने के लिए विशेष विद्या की मंदिर में प्रवेश करना है।



## पीएम श्री सेजेस सुहेला में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव





**सुहेला।** पीएम श्री सेजेस सुहेला में शनिवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्पवर्षा कर एवं निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से उत्साह और उल्लास से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जनपद सदस्य भानुप्रताप वर्मा, पूर्व शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर, रेवाराम साहू, पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष लेखराम वर्मा ने किया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

प्राचार्य डी.पी. कोशले ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल नए विद्यार्थियों का स्वागत भर नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समग्र विकास और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस अवसर पर संकुल समन्वयक शंभू सिंह, रितेश शर्मा, राजेश मानसरोवर, नरेंद्र साहू, जामवंती वर्मा, दुर्गा वर्मा, नरेश वर्मा, लीलाशंकर सहित विद्यालय का समस्त शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय स्टाफ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों ने छात्रों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। साथ ही बच्चों को खीर पूरी दाल चावल छोले की सब्जी भी खिलायी। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, आत्मीयता और उल्लास का वातावरण बना रहा।

### विद्यार्थियों को नैतिकता, अनुशासन और चरित्र निर्माण का संदेश

मुख्य अतिथि भानुप्रताप वर्मा ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि श्रेष्ठ संस्कार, नैतिकता और चरित्र निर्माण करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से सत्य, ईमानदारी, अनुशासन, बड़ों के सम्मान तथा माता-पिता और गुरुजनों के प्रति आदर की भावना विकसित करने का आह्वान किया। सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यालय ही वह स्थान है, जहां बच्चों के सपनों को दिशा और व्यक्तित्व को पहचान मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग, अनुशासन का पालन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटी गई पुस्तकें



**अर्जुनी।** प्राथमिक शाला परसाडीह में शनिवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, विशेष अतिथि सरपंच रामेश्वर लहरी रहे। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का प्रवेश एवं सभी कक्षाओं के बच्चों को पुस्तक वितरण की गई। प्रधान पाठक दौलत सिंह ध्रुव ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव केवल शाला में प्रवेश का उत्सव नहीं है बल्कि, उनके सपने संभावनाओं एवं स्वर्णिम भविष्य को मजबूत नींव करने का उत्सव हैं। शिक्षित संस्कारिक और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की शुरुआत एक विद्यालय से होती है। हर बच्चे के हाथ में किताब मन में विश्वास और जीवन में संस्कार हो ऐसा संकल्प लेकर हम सब मिलकर हर बच्चे को शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़े। मुख्यअतिथि भोला वर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्राथमिक शिक्षा ही बच्चों के जीवन में नई उम्मीदों व अवसरों का द्वार खोलता हैं। हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना एक समाज और राष्ट्र की जिम्मेदारी होती है। शिक्षा के माध्यम से बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत होती है। हर बच्चे के हाथ में किताब और मन में विश्वास का संकल्प वास्तव में राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। यह अभियान शिक्षा को जन जन तक पहुंचाने का उत्कृष्ट प्रयास है। शिक्षा ही वह आधार है जो किसी समाज को विकसित व मजबूत बनाती हैं। कार्यक्रम में शिक्षक दयाशंकर सोनी, तनु ध्रुव, मधु साहू तथा शाला विकास समिति अध्यक्ष ममता ध्रुव एवं सदस्य गण और नवप्रवेशी बच्चों के पालक गण उपस्थित रहे।

Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रैक्शनल लेजर द्वारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी
कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
एडवांस यूरोलॉजी एवं यूरो सर्जरी विभाग
• मूत्राशय, किडनी एवं प्रोस्टेट के कैंसर का इलाज
• पेशाब की धार कमजोर होना
• पेशाब के रास्ते की जन्मजात विकृति का इलाज
• यूरिनरी ब्लेडर में पथरी की समस्या का इलाज
• किडनी स्टोन संबंधी समस्या का इलाज
• किडनी एवं मूत्र संबंधी सभी समस्याओं का निराकरण
• सभी प्रकार की यूरोलॉजी सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026




नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740